an>

Title: Need to regularize the tubewells installed till January 2015 in Nagaur Parliamentary Constituency, Rajasthan and also review the dark zone category of areas.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) ः नाबार्ड एवं केंद्रीय भूजल मण्डल द्वारा सर्वेक्षण करवाकर मेरे क्षेत्र की अधिकतर पंचायत समिति क्षेत्र को **"डार्क जोन"** घोÂिात कर दिया गया है अर्थात् इन क्षेत्रों में भूमिगत पानी नहीं है एवं यहां पर कोई भी व्यक्ति अथवा काश्तकार जमीन में कुआं अथवा ट्यूबवैल नहीं खोद सकता। मेरे संसदीय क्षेत्र में यह व्यवस्था वÂाऩ 2004 से कर रखी है। वÂाऩ 2004 से सरकार काश्तकारों को नया कुआं अथवा ट्यूबवैल लगाने के लिए ऋण नहीं दे रही है। काश्तकार लोग अपनी खेती के लिए अवैधानिक तरीके से ट्यूबवैल खुदवा रहे हैं एवं अवैध रूप से ही बिजली के कनेक्शन अपने स्तर पर ही ले लेते हैं। आज हज़ारों की संख्या में अवैध ट्यूबवैल चल रहे हैं। विद्युत विभाग के कर्मचारी इनके कनेक्शन काटकर भारी जुर्माना लगाते हैं। इससे किसान परेशान है।

अतः मेरा माननीय कृÂिा मंत्री जी से अनुरोध है कि 1 जनवरी, 2015 तक जिन काश्तकारों ने ट्यूबवैल खोद लिए हैं, उन्हें नियमित किया जाए। इससे काश्तकारों के विद्युत के कनेक्शन भी नियमित करने में सुविधा हो सकेगी तथा केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय भूजल मण्डल के मार्फत **"डार्क जोन"** क्षेत्र का पुनः सर्वेक्षण करवाया जाए एवं अनावश्यक रूप से जिन क्षेत्रों को **"डार्क जोन"** घोÂिात किया है, उनमें नए सर्वेक्षण के आधार पर संशोधन किया जाए।